भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 372

04 फरवरी, 2025 को उत्तरार्थ

विषयः- किसान आंदोलन

372. श्रीमती लवली आनंदः
श्री रामप्रीत मंडलः
श्री दिनेश चंद्र यादवः

क्या **कृषि और किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार किसानों द्वारा किए जा रहे आंदोलन को समाप्त करने के लिए कोई कदम उठा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या किसान लंबे समय से आमरण अनशन पर बैठे हैं और यदि हां, तो उनकी मांगों पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है:

(ग) किसानों की मांगों पर सरकार का दृष्टिकोण क्या है; और

(घ) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री राम नाथ ठाकुर)

(क) से (घ): भारत सरकार ने दिनांक 8 फरवरी, 2024 को किसान आंदोलन से संबंधित किसानों के साथ चर्चा आरंभ की थी। इसके बाद, दिनांक 12, 15, 18 फरवरी 2024 और 18 जनवरी 2025 को चर्चा हुई।

आंदोलन करने वाले किसानों और उनकी मांगों से संबंधित मुद्दे भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष भी विचाराधीन हैं और माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इस संबंध में एक समिति भी गठित की गई है।

किसानों के साथ अगले दौर की चर्चा हेतु दिनांक 14 फरवरी, 2025 की तिथि निर्धारित की गई है।

*****